क्रिकेट ▶ स्व. आरएस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए दो मुकाबले

# रोमांचक मुकाबलों में देसाई मां तिगरा और डी मून की शानदार जीत



**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय आर.एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 26 अप्रैल को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मैच विहान डी मून और देसाई मां तिगरा के बीच हुआ, जबकि दूसरा मुकाबला डी मून और हॉस्पिटल 11 के बीच खेला गया। पहले मैच में विहान डी मून ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 63 रन बनाए। जफर ने 17 गेंदों पर 27 रनों का योगदान दिया। जवाब में देसाई मां तिगरा की टीम ने 9 ओवर में 6 विकेट खोकर 65 रन बनाते हुए 4 विकेट से जीत दर्ज की। टीम के अजीत ने 16 गेंदों पर 28 रन की अहम पारी खेली और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

### ये रहे उपस्थित

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में हरिशंकर, तीरथ पटेल, कृष्णा, रवि चंद्रा एवं श्रीमती आरती चंद्रा उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका जसवंत, अनुपम भौमिक, भूपेंद्र और निखिल यादव ने निभाई। इस अवसर पर यूनियन के आनंद शर्मा, राकेश रंजन, अखिलेश पटेल, अनिल गुप्ता, कुलदीप, जितेंद्र पांडे, पंकज साहू, अश्विनी, राहुल पटेल, कृष्ण कोल, सचिन तिवारी, हर्षल लॉर्ड, कुणाल कुंभारे, प्रकाश रावत, चंदन पटेल, अर्पण विश्वकर्मा, हनुमान मीणा, विपिन कुमार चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हॉस्पिटल 11 की टीम 56 रन पर सिमटी

दूसरे मुकाबले में डी मून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट पर 71 रन बनाए। जान मोहम्मद ने 9 गेंदों पर 12 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हॉस्पिटल 11 की टीम 56 रन पर सिमट गई, जिससे डी मून ने 15 रनों से जीत हासिल की। गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जान मोहम्मद ने 2 ओवर में 13 रन देकर 1 विकेट लिया और मैन ऑफ द मैच बने।



# खिलाड़ी सच्चा देशभक्त होता है : अनिल डागा

▶ आरएसएस शताब्दी वर्ष पर खेल संगोष्ठी का आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कल्चरल स्ट्रीट भंवरताल में आयोजित खेल संगोष्ठी में मुख्य वक्ता अनिल डागा ने कहा कि खेल व्यक्ति में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश की प्राचीन परंपराओं और जीवन मूल्यों के संरक्षण के साथ युवाओं में राजभक्ति और समाजसेवा का भाव विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि किस प्रकार सीमित संख्या में लोगों ने बड़े देशों को गुलाम बनाया, जिससे सीख लेते हुए देशभक्ति को पुन: जागृत करने की आवश्यकता है। उन्होंने संघ के 40 से अधिक अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से सेवा, विज्ञान, आरोग्य और खेल जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन दिग्विजय सिंह ने किया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, अखिलेश जैन, संजय सेठ, संजय यादव, आशीष पांडे, मधुमिता हजार, नंदकुमार यादव, उमाशंकर पटेल सहित खेल एवं समाज जगत की कई हस्तियां मौजूद रहीं।

### पांच प्रमुख परिवर्तनों पर जोर

कार्यक्रम में पांच प्रमुख परिवर्तनों समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी भावना—पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अलका नायक रहीं, जबकि विशेष अतिथि डॉ. प्रदीप दुबे उपस्थित रहे। प्रस्तावना भीष्म सिंह राजपूत एवं अतिथि परिचय विशाल बन्ने द्वारा दिया गया।

# एमपी पावर का वार्षिक खेल कैलेंडर जारी

▶ जबलपुर को तैराकी की मेजबानी

**नवभारत, जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने वर्ष 2026-27 के लिए अंतरक्षेत्रीय विद्युत खेल प्रतियोगिताओं का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। महासचिव एफ.के. मेश्राम के अनुसार, जबलपुर क्षेत्र को जून के द्वितीय सप्ताह में तैराकी प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी गई है। कैलेंडर के मुताबिक, जबलपुर को अगस्त और सितंबर में क्रमश: सांस्कृतिक एवं नाटक प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी दी गई है। सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन प्रतियोगिताओं के आधार पर अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मंडल के लिए टीमों का चयन किया जाएगा।

# शहर की मुक्केबाज स्वाति सिंह व दीपाली केवट ने जीता गोल्ड

▶ फाइट नाइट मुक्केबाजी में मध्यप्रदेश का चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा

**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में रायपुर(छत्तीसगढ) के अंबुजा मॉल में छत्तीसगढ़ विरूद्ध मध्यप्रदेश के बीच खेली गई फाइट नाइट मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के महिला, पुरूष मुक्केबाजों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 8 में से 6 मुकाबले जीत लिए और चैम्पियनशिप की चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। यहां टीम मध्यप्रदेश में शामिल शहर के



हितकारिणी बॉक्सिंग क्लब की महिला मुक्केबाज दीपाली केवट व स्वाती ठाकुर ने अपने अपने वर्ग में जोरदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की महिला मुक्केबाजों पर जमकर मुक्के बरसाए और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। टीम के चीफ कोच राजेन्द्र पान्डेय व मैनेजर सुभाष मांझी रहे। विजेता खिलाड़ियों को मप्र अमेच्योर बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष एड.वरूण तन्खा, सचिव सत्येन्द्र सोनकर, पूर्व मुक्केबाज रवि पटैल व डॉ.नीलेश पाण्डेय ने बधाई दी है। प्रतियोगिता में स्वाती सिंह ठाकुर (जबलपुर), दीपाली केवट (जबलपुर), लक्ष्मी छत्रपाल (ग्वालियर), ध्रुव गुज्जर (ग्वालियर), शहंशाह उलहक,(जबलपुर) व कपिल शर्मा शर्मा (इंदौर) ने स्वर्ण पदक पदक जीता है।

# सीजीआईटी के नियमितीकरण आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

▶ प्रकरण से संबंधित रिकार्ड तलब

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, आईजीआरएमएस भोपाल और श्रमिक देवीलाल उर्फ देवा से जुड़े मामले में अंतरिम आदेश पारित किया। इसके तहत केंद्रीय औद्योगिक अधिकरण, सीजीआईटी के नियमितीकरण संबंधी निर्देशों पर रोक लगा दी है। साथ ही प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। इसके साथ ही सीजीआईटी-कम-लेबर कोर्ट जबलपुर से प्रकरण से संबंधित रिकार्ड भी तलब किए हैं। याचिकाकर्ता आईजीआरएमएस भोपाल की ओर से अधिवक्ता अर्नव तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता सांस्कृतिक व शैक्षणिक संस्था है न कि व्यावसायिक इकाई जबकि संबंधित श्रमिक सीधे तौर पर उसका कर्मचारी नहीं बल्कि आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कार्यरत था। कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद कहा क अगली सुनवाई तक सीजीआईटी द्वारा दिया गया नियमितीकरण का निर्देश स्थगित रहेगा। सीजीआईटी ने 16 फरवरी 2026 के अपने आदेश में संग्रहालय को उद्योग मानते हुए श्रमिक की सेवाएं समाप्त करना अवैध ठहराया था और प्रबंधन को छह माह के भीतर नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश को संग्रहालय प्रबंधन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# अधिकारी नियमित फील्ड विजिट व गांवों में रात्रि विश्राम करें



▶ कलेक्टर ने की शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश


**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर कड़े निर्देश दिए। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण चर्चा 'जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम' के अंतर्गत 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को लेकर हुई, जिसके तहत हिरन नदी के पुनर्जीवन की वृहद कार्ययोजना तैयार की गई है। कलेक्टर ने मैदानी स्तर पर प्रशासन की पहुंच बढ़ाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित फील्ड विजिट करें, गांवों में रात्रि विश्राम करें और छात्रावासों का सूक्ष्म निरीक्षण करें। इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्व-गणना' प्रक्रिया को लेकर सहभागिता की अपील

प्रशासनिक दक्षता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की 'स्व-गणना' प्रक्रिया को लेकर सभी शासकीय विभागों, संगठनों और नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।

### स्कूल,आंगनबाड़ी में हो बालिका शौचालय सुविधा

बैठक में शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्होंने 15 मई तक स्कूलों की पानी टंकियों की सफाई, जर्जर भवनों को हटाने और सांदीपनि विद्यालयों में बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की समयसीमा निर्धारित की। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिए कि हर स्कूल और आंगनवाड़ी में अनिवार्य रूप से बालिका शौचालय की सुविधा हो।



# रांझी में यातायात अव्यवस्था पर कांग्रेस का विरोध

▶ थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण जल्द सुधार का आश्वासन

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी क्षेत्र में दर्शन तिराहे से बड़े पत्थर तक फैली यातायात अव्यवस्था, ऑटो चालकों की मनमानी और अतिक्रमण से परेशान आमजन की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आवाज उठाई। ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स, शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव रविंद्र कुशवाहा और जग्गू विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी ने घमापुर यातायात थाना प्रभारी शशि धुर्वे को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से चर्चा कर समस्याओं की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि रांझी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जल्द प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

# एक दिन में 149 चालान, 56 लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे

▶ बिना हेलमेट चालकों पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई



**नवभारत, जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक करने विशेष अभियान के तहत सोमवार को जबलपुर के जसूजा सिटी, महाराजपुर फॉरेस्ट नाका और पाटन बायपास क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 129 और 194(घ) के तहत कार्रवाई करते हुए 149 वाहनों पर चालान किए गए और कुल 44,700 रुपए समन शुल्क वसूला गया।

इसके अलावा हेलमेट नहीं पहनने वाले 56 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु पीओएस मशीन के माध्यम से परिवहन विभाग को भेजे गए।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में की गई। कार्यवाही के दौरान यातयात पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नर्मदा गौशाला में अव्यवस्थाओं और कर्मचारियों के दुर्व्यवहार का विरोध

▶ आदिवासी उत्थान महासंघ ने जनप्रतिनिधियों के साथ सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, जबलपुर।** ग्राम पंचायत खजरी अंतर्गत गुर्दा स्थित नर्मदा गौशाला में कथित अव्यवस्थाओं और कर्मचारियों के दुर्व्यवहार के विरोध में आदिवासी उत्थान महासंघ ने जिला स्तर पर पहल तेज कर दी है। महासंघ के प्रतिनिधियों ने एसडीएम, जिला पंचायत जबलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल को मामले से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। महासंघ का प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल और जिला पंचायत सदस्य अंजलि गोलू पांडेय के साथ मिलकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम ज्ञापन ओएसडी राजा राज तिलक धुर्वे को सौंपा ।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गौशाला में लगातार अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं और कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार व मारपीट जैसी घटनाएं हो रही हैं। इससे क्षेत्र के नागरिकों, खासकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। महासंघ ने बताया कि पहले भी कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। महासंघ और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि वर्तमान संचालन समिति को तत्काल हटाकर नई समिति गठित की जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष योगेश कोल, बृजेंद्र चढ़ार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फ्रिज के नीचे बैठा था आठ फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत क्रेशर बस्ती निवासी प्रदीप मिश्रा के घर में दोपहर तीन बजे रेफ्रिजरेटर के नीचे एक सांप बैठा देखकर वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का सांप है जो कि जहरीला नहीं होता। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।


## न्यायालय तहसीलदार
**तहसील अधारताल, जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0203/अ-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक 22/04/2026

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **प्रशांत जैन** पिता स्व. प्रकाश चंद्र जैन निवासी सराफा बाजार, मालदारपुरा जबलपुर (म.प्र.) के द्वारा मौजा जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 175/1/1, में फेस A प्लॉट नंबर 7 रकवा 2100 वर्गफुट भूमि पर शीतलपुरी गृ.नि.सं. समिति द्वारा सनत कुमार जैन का नाम दर्ज है श्री प्रकाश चंद्र जैन की मृत्यु 27/11/2008 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 07/05/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा /आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 22/04/2026
पेशी दिनांक :- 07/05/2026
न्यायालय की मुद्रा

तहसीलदार अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं नेहा ठाकुर (NEHA THAKUR) पति पारस ठाकुर निवासी 1350 स्टेट बैंक कॉलोनी जय नगर विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. पिन 482001 शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि शादी से पूर्व मेरा नाम नेहा (NEHA) पिता दुर्गासिंह नागभिरे निवासी 122/सी रेलटोली गोंदिया महाराष्ट्र था। दिनांक - 20.01.2014 को मेरा विवाह हिंदू रीति रिवाज से पारस ठाकुर के साथ संपन्न हुआ था विवाह पश्चात् मेरा नाम नेहा ठाकुर (NEHA THAKUR) पति पारस ठाकुर हो गया है अब से मुझे नेहा (NEHA) के स्थान पर नेहा ठाकुर (NEHA THAKUR) पति पारस ठाकुर के नाम से जाना पहचाना जावें एवं समस्त दस्तावेजों में दर्ज किया जावें जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

पुराना नाम-
**नेहा पिता दुर्गासिंह नागभिरे**
नया/सही नाम-
**नेहा ठाकुर पति पारस ठाकुर**
आधार नं. 5427 7289 1730

## CHANG OF NAME

I Zaidi Shariq Marghoobalam, S/o Marghoobalam Aged About 48 Years, R/o. H-1 Arjundevnagar Colony, Near Vaishali Parisar, Gwarighat Road, Jabalpur (M.P.) Pin Code- 482008, Do Hereby Solemnly Affirm And Declare On Oath As Under. 1. That My Name As Recorded In My School / college/ official Records Is Zaidi Shariq Marghoobalam. 2. That I Have Decided To Change My Name From Zaidi Shariq Marghoobalam To Zaidi Shariq. 3.That I Shall Henceforth Be Known By My New Name Zaidi Shariq For All Purposes. 4. That Both Names (zaidi Shariq Marghoobalam And Zaidi Shariq) Refer To One And The Same Person, I.e., Myself. 5. That The Reason For This Change Is Personal. Old Name-
**ZAIDI SHARIQ MARGHOOBALAM**
New/Right Name-
**ZAIDI SHARIQ**


# दो युवकों, एक महिला ने की खुदकुशी

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत अधारताल अप ट्रेक पर एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली तो माढ़ोताल थाना अंतर्गत सूखा में महिला, बरेला स्थित गौर में युवक ने जहर का सेवन कर खुदकुशी कर ली । मृतकों ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है ।तीनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रांझी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रेल्वे ट्रैकमैन सतीष ने सूचना दी कि अधारताल रोड अप ट्रेक पर एक युवक ट्रेन से कट गया जिससे उसकी मौत हो गई ।मृतक कौन है और कहा का रहने वाला है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है साथ ही थानों में दर्ज गुमशुदगी रिकॉर्ड भी खंगाल रही है ताकि उसकी पहचान हो सके ।इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि श्रीमति अर्चना विश्वकर्मा 26 वर्ष निवासी सूखा ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे इलाज के लिए परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां सोमवार सुबह 10 बजे उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार बरेला पुलिस ने बताया कि डेविड स्वामी 45 वर्ष निवासी ग्राम गौर को जहरीली वस्तु का सेवन कर लेने के कारण उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जिसकीसोमवार सुबह 4-15 बजे मौत हो गई।

# वृद्ध महाराज हत्याकांड : करीबियों पर घूम रही शक की सुई

▶ परिजनों के बयान दर्ज, जमीन विवाद पर तफ्तीश, संदेहियों से पूछताछ जारी

**नवभारत, जबलपुर ।** बरगी थाना अंतर्गत बरगी नगर स्थित निमार्णाधीन मंदिर के पास स्थित कुटिया में 25 अप्रैल को हुई वृद्ध महाराज की नृशंस हत्या की गुत्थी सुलझाने पुलिस की टीमें जुटी हुई है लेकिन अब पुलिस को ऐसा कोई क्लू नहीं मिला जिसके सहारे आरोपित तक पहुंचा जा सके। मृतक के करीबियों पर भी शक की सुई घूम रही है। इसके अलावा जमीनी विवाद समेत अ न्य एंगल पर भी तफ्तीश चल रही है। पुलिस संदेहियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली है।

विदित हो कि मनकेडी चौकी बरगी नगर स्थित पुलघाट में मां नर्मदा का मंदिर मूलत: घंसौर जिला सिवनी में रहने वाले महाराज तारचंद कुशवाह उर्फ तारापुरी महाराज 67 वर्ष बनवा रहे थे। साथ ही मंदिर की देखरेख के साथ सेवा करते थे और समीप ही कुटिया रहते थे। 25 अप्रैल को उनकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी । निमार्णाधीन मंदिर का सुपरवाईजर सुशील सुबह 10 बजे महाराज के लिये भोजन लेकर उनकी कुटिया में पहुंचा था तो हत्या का पता चला । महाराज खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़े मिले। उनके सिर, पीठ, कंधे व शरीर पर गहरे घाव थे, चारो तरफ खून के छींटे थे। पुलिस हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है ।अब तक की जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि मृतक का जमीन विवाद भी परिवार के सदस्यों से चल रहा था। फिलहाल पुलिस हर एंगल पर छानबीन कर रही है।